प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवान सविता, निवासी जनपद-फिरोजाबाद की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक(मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-14956/प्रोवेशन-3/फार्म-ए/(एम-24.09.2022) दिनांक-11.05.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवान सविता, मौहल्ला, रामनगर,(श्यामनगर) थाना-लाइनपार, जनपद-फिरोजाबाद का निवासी है। दहेज की माँग को लेकर दिनांक 31.12.2007 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर अपनी पत्नी श्रीमती सपना की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 159/2007 में भा0द0वि0 की धारा-498ए/304बी0 व 3/4 दहेज प्रतिबन्ध, अधिनियम के अन्तर्गत मा0 विशेष सत्र न्यायाधीश (दस्यु प्रभावी क्षेत्र) फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 22.02.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी की अपील मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष विचाराधीन है, बंदी द्वारा दिनांक 18.12.2021 तक 14 वर्ष, 11 माह, 11 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष, 01 माह, 18 की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

3- जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी को जेल में और आगे निरूद्ध रखना न्यायहित में सार्थक होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दहेज की माँग को लेकर दिनांक 31.12.2007 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर अपनी पत्नी श्रीमती सपना की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी को जेल में निरूद्ध रखने का न्यायहित में सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति व निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी वीरेन्द्र कुमार पुत्र भगवान सविता को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र कुमार (बन्दी संख्या-16095) पुत्र श्री भगवान सविता, निवासी जनपद-फिरोजाबाद को फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

शिव गोपाल सिंह

संयुक्त सचिव।

संख्या-724/2025/1594(1)/22-2-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।

3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश मिश्र

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-724/2025/1594/22-2-2023-17(1672)/2022

दिनांक 30 जून, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवान सविता, मौहल्ला, रामनगर,(श्यामनगर) थाना-लाइनपार, जनपद-फिरोजाबाद का निवासी है। दहेज की माँग को लेकर दिनांक 31.12.2007 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर अपनी पत्नी श्रीमती सपना की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 159/2007 में भा0द0वि0 की धारा-498ए/304बी0 व 3/4 दहेज प्रतिबन्ध, अधिनियम के अन्तर्गत मा0 विशेष सत्र न्यायाधीश (दस्यु प्रभावी क्षेत्र) फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 22.02.2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी की अपील मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष विचाराधीन है, बंदी द्वारा दिनांक 18.12.2021 तक 14 वर्ष, 11 माह, 11 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष, 01 माह, 18 की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

जिला मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 30.06.2021 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बंदी को जेल में और आगे निरूद्ध रखना न्यायहित में सार्थक होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दहेज की माँग को लेकर दिनांक 31.12.2007 को बन्दी ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर अपनी पत्नी श्रीमती सपना की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी को जेल में निरूद्ध रखने का न्यायहित में सार्थक प्रयोजन होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति व निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी वीरेन्द्र कुमार पुत्र भगवान सविता को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।